**CBSE Class 06 Hindi**
**NCERT Solutions**
**पाठ-06 पार नज़र के**

**1. छोटू का परिवार कहाँ रहता था?**
**उत्तर:-** छोटू का परिवार मंगल ग्रह पर बने भूमिगत घर में रहता था।

**2. छोटू को सुरंग में जाने की इजाज़त क्यों नहीं थी? पाठ के आधार पर लिखो।**
**उत्तर:-** छोटू या किसी आम आदमी को सुरंग में जाने की इजाज़त नहीं थी क्योंकि उस सुरंग से ज़मीन पर जाने का रास्ता था। वहाँ का वातावरण ऐसा था कि आम आदमी बिना सुरक्षा -उपकरणों के जीवित नहीं रह सकता था । वहाँ केवल उन यंत्रों की देखभाल करने वाले लोगों को जाने की अनुमति मिली हुई थी ।

**3. कंट्रोल रूम में जाकर छोटू ने क्या देखा और वहाँ उसने क्या हरकत की?**
**उत्तर:-** कंट्रोल रूम में जाकर छोटू ने देखा कि सब लोग मंगल पर उतरे यान से परेशान थे। सब लोग स्क्रीन पर दिखाई दे रही अंतरिक्ष यान की इस हरकत को ध्यान से देख रहे थे ,तब छोटू का सारा ध्यान कॉन्सोल पैनेल पर था। एक लाल बटन उसे आकर्षित कर रहा था। अपनी इच्छा को वह रोक नहीं पाया और उसने बटन दबा दिया। बटन दबाने से अंतरिक्ष यान क्रमांक का एक यांत्रिक हाथ भी बेकार हो गया और छोटू को अपने पापा से मार भी पड़ी।

**4. इस कहानी के अनुसार मंगल ग्रह पर कभी आम जन-जीवन था। वह सब नष्ट कैसे हो गया? इसे लिखो।**
**उत्तर:-** मंगल ग्रह पर कभी आम जन-जीवन हुआ करता था लेकिन धीरे-धीरे वातावरण में परिवर्तन आने लगा। सूरज की रोशनी और गर्मी से वहाँ के जीवों को पोषण मिला करता था पर सूरज में परिवर्तन होते ही वहाँ का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया। प्रकृति के बदले हुए रूप का सामना करने में वहाँ के पशु-पक्षी, पेड़-पौधे अन्य जीव अक्षम साबित हुए। एक के बाद एक सब मरने लगे।

**5. कहानी में अंतरिक्ष यान को किसने भेजा था और क्यों?**
**उत्तर:-** कहानी में अंतरिक्ष यान को नेशनल एअरोनाटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने मंगल की मिट्टी के विभिन्न नमूने इकट्ठे करने के लिए भेजा था क्योंकि पृथ्वी के वैज्ञानिक इस बात का पता करना चाहते थे कि क्या मंगल ग्रह पर भी पृथ्वी की ही तरह जीव सृष्टि का अस्तित्व है।

**• भाषा की बात**
**6. सिक्योरिटी - पास उठाते ही दरवाज़ा बंद हो गया।**
**यह बात हम इस तरीके से भी कह सकते हैं - जैसे ही कार्ड उठाया, दरवाज़ा बंद हो गया।**
**ध्यान दो, दोनों वाक्यों में क्या अंतर है। ऐसे वाक्यों के तीन जोड़े तुम स्वयं सोचकर लिखो।**

**उत्तर:-** 1. घड़ी का घंटा बजते ही मैं रोने लगा।
जैसे ही घड़ी घण्टा बजाने लगी, वैसे ही मैं रोने लगा।
2. तापमान 100 डिग्री पर पहुँचते ही पानी उबलने लगता है।
जैसे ही तापमान 100 डिग्री पर पहुँचता है, पानी उबलने लगता है।
3. उसके उतरते ही बस चल पड़ी।
जैसे ही वह उतरा, बस चल पड़ी।

**7. छोटू ने चारों तरफ़ नज़र दौड़ाई।**
**छोटू ने चारों तरफ़ देखा।**
**उपर्युक्त वाक्यों में समानता होते हुए भी अंतर है। वाक्यों में मुहावरे विशिष्ट अर्थ देते हैं। नीचे दिए गए वाक्यांशों में 'नज़र' के साथ अलग-अलग क्रियाओं का प्रयोग हुआ है। इनका वाक्यों या उचित संदर्भों में प्रयोग करो -**
**नज़र पड़ना, नज़र रखना**
**नज़र आना, नज़रें नीची होना**
**उत्तर:-** 1. नज़र पड़ना - मीना की नज़र रीना के गले में चमकते सोने के हार पर पड़ी।
2. नज़र रखना - रमा अपने बच्चों की पढ़ाई पर बराबर नज़र रखती है।
3. नज़र आना - अमर की पढ़ाई के प्रति लापरवाही अब सब की नज़र में आ गई है।
4. नज़रें नीची होना - बच्चे की खराब आदतों की वजह से उसके परिवार की नज़रें नीची हो गईं ।

**8. नीचे दो-दो शब्दों की कड़ी दी गई है। प्रत्येक कड़ी का एक शब्द संज्ञा है और दूसरा शब्द विशेषण है। वाक्य बनाकर समझो और बताओ कि इनमें से कौन-से शब्द संज्ञा हैं और कौन-से विशेषण।**
**आकर्षक, आकर्षण**
**प्रभाव ,प्रभावशाली**
**प्रेरणा ,प्रेरक**
**उत्तर:-**

| | **संज्ञा** | **विशेषण** |
|---|---|---|
| आकर्षक ,आकर्षण | आकर्षक | आकर्षण |
| प्रभाव, प्रभावशाली | प्रभाव | प्रभावशाली |
| प्रेरणा, प्रेरक | प्रेरणा | प्रेरक |

**9. पाठ से फ़ और ज़ वाले (नुक्ते वाले) चार-चार शब्द छाँटकर लिखो। इस सूची में तीन-तीन शब्द अपनी ओर से भी जोड़ो।**
**उत्तर:-**

| **फ़** | **ज़** |
|---|---|
| तरफ़ | रोज़ |
| स्टाफ़ | नज़र |
| सिर्फ़ | इंतज़ार |
| साफ़ | ज़मीन |
| फ़ल | ज़ोर |
| फ़ोन | साज़ |
| कफ़ | ज़बान |